nandgaon times march-21-2.qxd 3/20/2026 11:57 PM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

शनिवार, 21 मार्च 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 156, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## छत्तीसगढ़ में जल क्रांति का नया अध्याय : जल जीवन मिशन 2.0 पर ऐतिहासिक एमओयू

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में जल जीवन मिशन 2.0 के तहत केन्द्र और राज्य के बीच एमओयू कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल की वर्चुअल मौजूदगी में अधिकारियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर एक्सचेंज किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की ग्रामीण पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में यह पहल ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि च्हर घर जलज्ज् के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन 2.0 के तहत हुये एमओयू से इन कार्यों में गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 10 मार्च 2026 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन के विस्तारित चरण, जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी दी है। इस चरण में जल सेवा वितरण प्रणाली को मजबूत करने के साथ-साथ जनभागीदारी को भी सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अब तक 41 लाख 30 हजार से अधिक ग्रामीण परिवारों, यानी लगभग 82.66 प्रतिशत घरों को नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। श्री साय ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत दूरस्थ, वनांचल और आदिवासी क्षेत्रों तक शुद्ध पेयजल पहुंचने से महिलाओं को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पहले पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि मिशन 2.0 के तहत ग्राम स्तर पर जल प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी बढ़ाने और जल स्त्रोतों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया जाएगा। साथ ही जल संवर्धन, पुनर्भरण तथा योजनाओं के संचालन और रखरखाव को



ग्रामीण जल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम - मुख्यमंत्री

मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि इस एमओयू के माध्यम से पारदर्शी और तकनीक आधारित जल सेवा प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल वितरण और अधिक व्यवस्थित एवं सुदृढ़ होगा। मुख्यमंत्री ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री से 1300 करोड़ रुपये की विशेष स्वीकृति का आग्रह भी किया। इस स्वीकृति से 70 समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के 3 हजार से अधिक गांवों तक पेयजल पहुंचाने में मदद मिलेगी। अंत में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से छत्तीसगढ़ न केवल च्हर घर जलज्ज् का लक्ष्य हासिल करेगा, बल्कि सतत जल प्रबंधन और ग्रामीण जल शासन में भी नए मानक स्थापित करेगा। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री श्री सी आर पाटिल ने कहा कि आज का दिन अत्यधिक महत्वपूर्ण है और इस एमओयू के बाद छत्तीसगढ़ में पाइप लाइन एवं संरचनाओं के माध्यम से प्रत्येक घर में पानी की पहुँच सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को इसके तहत सशक्त अधिकार प्राप्त होंगे और इन संरचनाओं के रख रखाव के लिए वे जिम्मेदार होंगे। श्री पाटिल ने कहा कि जिला प्रशासन के जरिये पंचायत के कार्यों पर निगरानी रखी जाएगी एवं आवश्यकता होने पर सहायता भी करेंगे। उन्होंने बताया कि आज का यह एमओयू जल शक्ति मंत्रालय और छत्तीसगढ़ शासन का साझा प्रयास का परिणाम है। इससे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हर घर स्वच्छ एवं निर्बाध पानी की पहुँच का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश टोप्पो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 91 मनोकामना ज्योत से जगमगाया शक्तिधाम महाकाली मंदिर, नवरात्र में उमड़ा आस्था का सैलाब

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चैत्र नवरात्र की शुरुआत के साथ ही शक्तिधाम महाकाली मंदिर (बाबूटोला, वार्ड क्रमांक 1) में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंदिर परिसर 91 मनोकामना ज्योत कलशों की रोशनी से जगमगा उठा है। हर साल की तुलना में इस बार भक्तों की संख्या और उत्साह दोनों में बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। मंदिर में इस बार सात दिवसीय वैदिक महालक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है, जो जिले में पहली बार हो रहा है। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है और दूर-दूर से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रमुख हरीश



यादव ने बताया कि पिछले वर्षों में 71 ज्योत कलश जलाए जाते थे, लेकिन इस बार 91 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, उत्तरप्रदेश और वनांचल क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं पूरी होने की कामना कर रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन 19 मार्च से ही मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की कतारें लगने लगीं। जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ है। पंचमी तिथि पर मां महाकाली का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं। भक्तों की मांग पर 24 मार्च (षष्ठी) को जस झांकी का आयोजन भी किया जाएगा, जिसे देखने बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। मंदिर समिति के अनुसार हर साल मनोकामना ज्योत और श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जो लोगों की गहरी आस्था को दर्शाती है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, साफ-सफाई और दर्शन व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए हैं। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई है।

## विष्णु लोधी वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** आज 20 मार्च को अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस के पावन अवसर पर डोंगरगढ़ के मेला ग्राउंड में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस



प्राणों का बलिदान देकर इतिहास में अमिट छाप छोड़ी है। उनका संघर्ष हमें अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि आज के समय में उनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। समाज की

अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विष्णु लोधी ने कहा कि महारानी अवंती बाई लोधी जी का जीवन साहस, त्याग और स्वाभिमान की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने एकता, अधिकारों की रक्षा और जनहित के मुद्दों पर आवाज़ उठाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने सभी समाजजनों से आह्वान किया कि वे संगठित होकर समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने वीरांगना के बलिदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## नवोदय विद्यालय में सिमरन कंवर का चयन, क्षेत्र में खुशी की लहर

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय प्राथमिक शाला चिचदो की





छात्रा कुमारी सिमरन कंवर ने नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सिमरन के पिता संतोष कंवर एवं माता गणेश्वरी कंवर ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे परिवार के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने बताया कि उन्हें नवोदय विद्यालय के बारे में जानकारी पुरुषोत्तम साहू के माध्यम से प्राप्त हुई। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से ही सिमरन ने लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की। सिमरन की इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे गांव में खुशी का माहौल है। शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने सिमरन को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने की पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजना के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता, घरेलू बिजली बचत एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आवेदन से लेकर वेंडर चयन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी वितरण तक प्रत्येक चरण में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत लंबित सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। वेंडर्स को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष इंस्टॉलेशन कार्यों को तेज गति से पूर्ण करें। सोलर पैनल स्थापना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा। बैंक





अधिकारियों को सब्सिडी क्लेम प्रक्रिया के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने कहा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को आवेदन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने कहा गया। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 8 हजार 831 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 4 हजार 145 में वेंडर चयन किया जा चुका है। 1 हजार 839 हितग्राहियों के यहां इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुका है तथा 1 हजार 136 प्रकरणों में सब्सिडी का वितरण किया गया है। अपर कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठकों में पीएम सूर्याघर योजना को स्थायी एजेंडा के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सब्सिडी दावों, ऋण प्रक्रियाओं एवं लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। इस योजना को जिले में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास, नियमित निगरानी और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हितग्राहियों को योजना की सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री अनिकेत साहू, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## संस्कार धानी में गूंजी आयोलाल झूलेलाल की गूंज?

### सिंधी समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई भगवान झूलेलाल जयंती, बाइक रैली, शोभायात्रा से झूलेलाल मय हुआ शहर का माहौल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी कॉलोनी लालबाग में भगवान वरुण देव के अवतार माने जाने वाले भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती कार्यक्रम की भव्य शुरुआत समाज के लोगों द्वारा लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में पूजा-अर्चना कर की गई ।



बता दें कि सिंधी समाज द्वारा चैत्र नवरात्रि पर्व पर नया वर्ष मनाते हुए धूमधाम के साथ चैटीचंड महोत्सव मनाया जाता है। इस दौरान समाज में चेटीचंड महोत्सव को लेकर खासा उल्लास बना रहता है। नवरात्रि प्रारंभ होने के ठीक दूसरे दिन लालबाग स्थित झूलेलाल मंदिर के आचार्य स्वामी द्वारा समाज के वरिष्ठ अर्जुन दास पंजवानी,आवत राम तेजवानी, घनश्याम दास गंगवानी, गुरुमुख दास वाधवा,पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी, विजय गंगवानी,वार्ड पार्षद व उद्यमी राजा माखीजा, अर्जुन वाधवानी की उपस्थिति में विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई गई और घंटा निनाद के बीच आरती गान किया गया। चेटी चंड महोत्सव व भगवान झूलेलाल जयंती के अवसर पर लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत,शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीतू मुदलियार आदि नेता गणों ने पधार कर सिंधी समाज के लोगों से मिलकर बधाईयां व शुभकामनाएं दी। इस दौरान भगवान झूलेलाल की जयकारे से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में झूलेलाल पंचायत के अध्यक्ष ब्रह्मानंद बजाज,रुपचंद भीमनानी, भोजराज बजाज,भीमन धनवानी , तरुण लहरवानी,पूर्व पार्षद अशोक पंजवानी,लोकचंद लहरवानी, राजकुमार परचानी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित समाज के नर नारियों द्वारा सिंधी समाज के उद्धारक भगवान झूलेलाल को तन्मय भाव से याद कर उनकी जय-जय मनाई गई।

**समाज के युवाओं द्वारा निकाली गई बाइक रैली**

लालबाग स्थित भगवान झूलेलाल मंदिर में पूजा अर्चना के बाद समाज के युवा शक्तियो द्वारा हेमु कालानी नगर से झूलेलाल नगर तक निकाली गई विशाल बाइक रैली का धूमधाम के साथ शहर भ्रमण हुआ।भगवान झूलेलाल की मनमोहक झांकी के साथ जयकारा लगाते हुए निकाली गई बाइक रैली में घनश्याम वाधवानी, असर जुमनानी ,गिरधारी तलरेजा,कौशल? शर्मा,,चंदन रुचंदानी,हरिश मोटलानी,दौलत रामचंदानी, अमर ललवानी, सलामत गणसानी पंकज जेठानी सहित बड़ी संख्या में समाज के नागरिक शामिल रहे।

**भगवान झूलेलाल की भव्य शोभायात्रा**

सिंधी समाज द्वारा चेटीचंड महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार अपराह्न 4 बजे भगवान झूलेलाल की अखंड ज्योति के साथ भव्य शोभायात्रा भी निकाली जिसका धूमधाम के साथ शहर भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में शामिल सिंधी समाज के लोगों का स्वागत -सम्मान पुष्प वर्षा कश्यप किया गया वहीं शहर के लोगों द्वारा जगह -जगह स्टाल लगा कर मीठा पेय पदार्थ बांटी गई। भगवान झूलेलाल की आकर्षक झांकी के साथ शोभायात्रा का शहर भ्रमण उपरांत इसका समापन व अखंड ज्योति का विसर्जन बूढ़ा सागर स्थित झूलेलाल घाट में किया गया। इस दौरान वहां सुमधुर गीत - संगीत का कार्यक्रम आयोजित रहा जिसका समाज के लोगो ने भरपूर आनंद लिया। पूज्य सिंधी पंचायत के उपाध्यक्ष अर्जुन दास गंगवानी ने बताया कि कार्यक्रम में रात्रि भोज की भी व्यवस्था रही।

## शहर के निराश्रित पेंशन भोगी पाई पाई के लिए मोहताज

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भाजपा वह हाथी है जिसके खाने की और दिखाने के दांत अलग-अलग है यह पार्टी कुछ और है कहती



निगम के नेता प्रतिपक्ष पिल्ले ने ट्रिपल इंजन की सरकार को धिक्कारा

कुछ और है यह बात कहते हुए नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्लै ने ट्रिपल इंजन की सरकार को धिक्कारा है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय की बात करने वाली भाजपा अंतिम छोरकर व्यक्ति अर्थात निराश्रित पेंशन भोगियों तक को एक-एक पैसे के लिए मोहताज कर रखा है ।उन्होंने निराश्रित पेंशन भोगियों को जल्द से जल्द पेंशन दिलाने की मांग आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर की है साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उन्हें जल्द से जल्द पेंशन नहीं मिला तो कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ेगी। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि दिसंबर माह से अब तक पेंशन की राशि हितग्राहियों के खातों में नहीं पहुंची है। इस कारण से बुजुर्गों और निराश्रितों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी संघर्ष करना पड़ रहा है। ज्ञापन में तत्काल पेंशन भुगतान की मांग करते हुए कहा गया कि यह समस्या गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट का रूप ले रही है। श्री पिल्ले ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाने और तुरंत निराकरण करने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें पार्षद सतीश मसीह, पार्षद मुकेश साहू, पार्षद संगीता देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि अमीन हुड्डा, पार्षद प्रतिनिधि युवराज डेहरिया, आशीष बाजपेई और प्रदेश कांग्रेस सचिव, कमलेश गलवानी शामिल थे। सभी ने एक स्वर में निराश्रितों को उनका हक दिलाने की बात कही।

nandgaon times march-21-2.qxd 3/20/2026 11:57 PM Page 2



## ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली संसद घेराव में शामिल हुए राजनांदगांव युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



उदयभानु चीब के नेतृत्व में व प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ देशभर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने भारत विरोधी बताए जा रहे ट्रेड डील के विरोध में दिल्ली में संसद घेराव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राजनांदगांव ग्रामीण युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। जिलाध्यक्ष महेश सेन के नेतृत्व में राजनांदगांव युवा कांग्रेस के लगभग 15 कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर आंदोलन में शामिल हुए और विरोध प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में डोंगरगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष छन्नूलाल वर्मा, रामसुख देवांगन, जयप्रकाश जंघेल, यशवंत कंवर, कन्हैया चौहान, धनेश्वर उइके, दिनेश, मनोज निषाद, प्रकाश लहरे, नूतेंद्र सिन्हा, दीपक वर्मा, निखिल व गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन देशहित में किया जा रहा है और भविष्य में भी जनहित के मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की जाती रहेगी।

## आईटीआई चौक की अंधेरी तस्वीर वायरल, पार्षद के सवालों से प्रशासन घिरा

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद कोंडा विनायक राव ने अपने इंस्टाग्राम आईडी memOry_recalling पर हाल ही में एक वीडियो साझा कर ।T। चौक (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने) की स्थिति उजागर की है, जहां रात के समय पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा नजर आया। वीडियो में पार्षद राव ने सभी प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की जागरूकता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अपने पद की जिम्मेदारी और महत्व समझना होगा। गौरतलब है कि विनायक राव वर्ष 2019 से ही लगातार अपने इंस्टाग्राम हैंडल के माध्यम से इस तरह के सार्वजनिक मुद्दों को उठाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित करते आ रहे हैं। यह मामला इन दिनों डोंगरगढ़ में चर्चा का केंद्र बना हुआ है, वहीं युवा वर्ग भी उनकी इस पहल से प्रभावित नजर आ रहा है।



## कबीर साहेब के भजनों से गूंजा ग्राम बोरी, स्वर्वेद यात्रा दिवस पर उमड़ी श्रद्धा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्रह्म विद्या विहंगम महर्षि सदगुरु सदाफल देव आश्रम झूंसी प्रयाग इलाहाबाद से संचालित संस्था विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में -ग्राम बोरी में स्वर्वेद यात्रा दिवस श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे गांव में आध्यात्मिक माहौल बना रहा। शोभायात्रा के पश्चात सत्संग, भजन, आरती एवं शांति पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कबीर भजनों की सूफियाना अंदाज में प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर धुन और भावपूर्ण गायन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर संभागीय अधिकारी डॉ. महेंद्र साहू, संयोजक मोरध्वज साहू, सह प्रभारी संतोष साहू, गोवर्धन कुंजाम,कुलंजन साहू, प्रीतम साहू, ललित साहू, सोमन साहू,सेवक यादव, छबि साहू, राधेश्याम विश्वकर्मा, नूतन देवांगन, सुखदास साहू, संतराम साहू , मोती साहू सहित विहंगम योग के गुरु भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संभागीय अधिकारी डॉ. महेंद्र साहू ने अपने प्रवचन में गुरु महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए गुरुमुखी होकर सेवा का महत्व तथा मन की चाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समर्थ सदगुरु के मार्ग पर चलकर ही आत्मिक उन्नति संभव है। भजन प्रस्तुति में पप्पू कलिहारी (राजनांदगांव) एवं उनके समूह का विशेष योगदान रहा। स्थानीय कलाकारों द्वारा ढोलक व अन्य वाद्य यंत्रों में दी गई संगत ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। अंत में आरती शांति पाठ के साथ भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




**शुभांक**

1-7-9

578-0 457-6

**भाग्यांक**

670-3 378-8



**नाम परिवर्तन -**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं मूलचंद पिता रोहित कुमार निवासी ग्राम-पो.-मडियान तहसील ला.ब.नगर जिला-राजनांदगांव छ0ग0 का निवासी हूं मेरे आधार कार्ड मे नाम गुलचंद गोंड़ पिता रोहित कुमार गोंड़ अंकित हैं जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरा परिवर्तित नाम मुलचंद MOOLCHAND पिता रोहित कुमार ROHIT KUMAR के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सूचना जाने

भवदीय

(मूलचंद)

निवासी ग्राम-पो.-मडियान
तहसील ला.ब.नगर
जिला-राजनांदगांव छग.



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

Email ID-erkhalra-phe@cg.gov.in

**निविदा निरस्तीकरण**

(जी. क्रमांक 252606720)

(जी. क्रमांक 252606859)

क्रमांक 23 दिनांक 16.02.2026 इस कार्यालय द्वारा अर्मत्रित निविदा सूचना (सिस्टम क्रमांक 185711), जिला-खैरागढ़ छुईखदान गण्डई के नवीन उप खण्ड कार्यालय एवं जिला जल परीक्षण प्रयोगशाला भवन निर्माण कार्य आंतरिक विद्युत एवं एसेसरीज फिटिंग कार्य, एवं उससे संबंधित अन्य कार्य का आमंत्रित निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

**कार्यपालन अभियंता**

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**

**खैरागढ़ छुईखदान गण्डई (छ.ग.)**

जी- 07307/4


# कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर ने की पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री प्रेमप्रकाश शर्मा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने योजना के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्याघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा आत्मनिर्भरता, घरेलू बिजली बचत एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। आवेदन से लेकर वेंडर चयन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी वितरण तक प्रत्येक चरण में तेजी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत लंबित सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने कहा। वेंडर्स को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर शेष इंस्टॉलेशन कार्यों को तेज गति से पूर्ण करें। सोलर पैनल स्थापना के दौरान सभी सुरक्षा मानकों एवं गुणवत्ता प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने कहा। बैंक अधिकारियों को सब्सिडी क्लेम प्रक्रिया के लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने कहा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को आवेदन, इंस्टॉलेशन एवं सब्सिडी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देने कहा गया। बैठक में बताया गया कि जिले में अब तक कुल 8 हजार 831 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 4 हजार 145 में वेंडर चयन किया जा चुका है। 1 हजार 839 हितग्राहियों के यहां इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुका है तथा 1 हजार 136 प्रकरणों में सब्सिडी का वितरण किया गया है। अपर कलेक्टर ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बैंकर्स समिति (बीएलबीसी) की बैठकों में पीएम सूर्याघर योजना को स्थायी एजेंडा के रूप में शामिल किया जाए, ताकि सब्सिडी दावों, ऋण प्रक्रियाओं एवं लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। इस योजना को जिले में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके लिए सभी विभागों के समन्वित प्रयास, नियमित निगरानी और सक्रिय सहयोग की आवश्यकता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि हितग्राहियों को योजना की सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री अनिकेत साहू, विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता तथा विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

## अस्मिता वेस्ट जोन हॉकी प्रतियोगिता : मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को 17-0 से पराजित किया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मेजबान छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने आसान मैचो में अपनी विरोधी टीमों को हरा कर हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ1 हॉकी द्वारा आयोजित अस्मिता वेस्ट जोन सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव के मुख्य आतिथ्य, वार्ड पार्षद श्रीमति अमृता मोहन सेन की अध्यक्षता एवं फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी, केसी त्रिपाठी साईं प्रबंधक, ए. एक्का सहायक संचालक खेल युवा कल्याण विभाग, अंतर्राष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी परमजीत सिंह तथा मृणाल चौबे, जिला हाकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, नीलम चंद जैन, भूषण साव, छोटेलाल रामटेके पार्षद, सुश्री आशा थामस तथा महबूब कुरैशी, चंदन भारद्वाज, पंकज पांडे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के उद्धघाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने अपने उधबोद्धन में उपस्थित सभी सम्मानिय वरिष्ठजनों का स्वागत करते हुए कहा कि यह राजनादगांव के लिए गौरव की बात है कि विगत 1 सालों के अंतर्गत 4 बार इस प्रकार के आयोजन करने से खिलाड़ियों को अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलता आ रहा हैं। इस प्रकार के आयोजन कराने के लिए मैं हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी को साधुवाद देती हूं। राजनांदगांव पूरे विश्व में हॉकी नर्सरी के नाम से जाना जाता है, यहां के खिलाड़ियों में हॉकी के प्रति एक अलग ही जूनून देखने को मिलता है, मैं उम्मीद करती हूं कि आने वाले समय में यहां से अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकलेगें, जो शहर एवं प्रदेश का नाम रौशन करेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वार्ड की पार्षद अमृता मोहन सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने स्वागत भाषाण में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उक्त आयोजन का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया इस स्पर्धा से चयनित खिलाड़ियों का केंद्र सरकार की योजना के तहत यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें विशेष रूप से बालिका खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चारों जोन में अस्मिता हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया है।



## पुराने भवन में 24 मार्च से शुरू होंगी वार्षिक परीक्षाएं, दिशा-निर्देश जारी

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालयय डोंगरगढ़ में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा-2026 के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. भाग-दो के स्वाध्यायी (प्राइवेट) तथा भाग-तीन के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के साथ-साथ समस्त स्नातकोत्तर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 24 मार्च 2026 से प्रारंभ होंगी। परीक्षाएं महाविद्यालय के पुराने भवन में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से कम से कम आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। महाविद्यालय प्रशासन ने नियमित विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य किया है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को पूर्णत: प्रतिबंधित घोषित किया गया है। प्रवेश पत्र को लेकर भी कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। सभी परीक्षार्थियों को अपना प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना प्रवेश पत्र के किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने सभी विद्यार्थियों से नियमों का पालन करते हुए समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने एवं अनुशासन बनाए रखने की अपील की है।

## छुईखदान में मसाला एवं सुगंधित पौधों पर कृषक प्रशिक्षण संपन्न





**छुईखदान (नांदगांव टाइम्स)।** पान अनुसंधान केंद्र, छुईखदान एवं रानी अवंती बाई कृषि महाविद्यालय, छुईखदान के संयुक्त तत्वावधान में च्मसाला एवं सुगंधित पौधों का उत्पादन एवं प्रसंस्करणज्ज् विषय पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 75 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी (इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय) ने मसाला फसलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पान की खेती के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को क्लस्टर फार्मिंग अपनाने की सलाह दी, जिससे उत्पादन के साथ विपणन में भी सुविधा मिल सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पी. के. जोशी ने की। उन्होंने मसाला एवं औषधीय सुगंधित पौध परियोजना के उद्देश्यों और संभावनाओं से किसानों को अवगत कराया। वहीं, अधिष्ठाता डॉ. ए. के. गुप्ता ने हल्दी, धनिया और करायत जैसी मसाला फसलों के बीज उत्पादन पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अखिल जैन ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देते हुए पान एवं मसाला फसलों के उत्पादन में इसके महत्व को बताया। डॉ. धर्मेंद्र खोखर और डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने उन्नत तकनीकों के माध्यम से मसाला एवं औषधीय फसलों की खेती पर विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. बी. एस. असाटी ने पान की पौध उत्पादन एवं खेती की तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। पान अनुसंधान केंद्र द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से 5 किसानों के खेतों में शेडनेट स्थापित कर पान उत्पादन शुरू कराया गया है। इसके अंतर्गत बंगला एवं देसी पान की पौध, बांस, खाद और आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ ही वीरूटोला, कुकुरमुड़ा एवं रामपुर नवागांव में पान नर्सरी स्थापित कर उच्च गुणवत्ता की पौध तैयार की जा रही है। कार्यक्रम में पान की खेती प्रारंभ करने वाले पांच किसानों—श्री सजेलाल, श्री भरत, श्री हिन्चाराम साहू, श्री रवि साहू एवं श्री सुनील महोबिया को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने ग्राम गुमानपुर में किसान श्री सजेलाल के खेत का भ्रमण भी किया। इसके अलावा महिला स्व-सहायता समूहों को भी सम्मानित किया गया तथा मसाला फसलों पर आधारित पुस्तिका एवं फोल्डर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मसाला एवं औषधीय फसलों पर प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बी. एस. असाटी एवं डॉ. दीपिका देवदास ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. धर्मेंद्र खोखर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज बालाजी राव द्वारा कबीरधाम जिले का वार्षिक निरीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम जिले में पुलिस महानिरीक्षक, राजनांदगांव रेंज बालाजी राव (ढ्ढक्कस्)द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में निरीक्षण की समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन कवर्धा में परंपरा अनुसार भव्य परेड आयोजित कर परेड द्वारा पुलिस महानिरीक्षक महोदय को सलामी दी गई। सलामी उपरांत उनके द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उत्कृष्ट टर्नआउट (सुसज्जित वर्दी एवं अनुशासन) प्रदर्शित करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात उनके द्वारा शस्त्रों, वाहनों एवं अन्य संसाधनों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके उपरांत पुलिस लाइन परिसर में नव-निर्मित महिला बैरक कक्ष का उद्घाटन उनके करकमलों से किया गया तथा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वृक्षारोपण उपरांत पुलिस विभाग में पारंपरिक दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अपनी समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए। इस पर पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। अपने उद्बोधन में पुलिस महानिरीक्षक बालाजी राव ने कहा कि पुलिस की वर्दी कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को वर्दी की गरिमा बनाए रखने, कर्तव्यों के प्रति सजग रहने तथा परिवार एवं सेवा के मध्य संतुलन स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि समाज द्वारा प्रदत्त इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए।



## अनुसूचित जाति के हितग्राहियों के उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**पदमराज सिंह ठाकुर**

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा में 20 मार्च 2026 को एक दिवसीय अनुसूचित जाति के ग्रामीण युवाओं, महिला एवं पुरूषों के उद्यमिता विकास एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के पादप कार्यिकी कृषि जैव रसायन औषधीय एवं संगंध विभाग के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के ग्राम घोठिया, जमुनिया, जैतपुरी, नेवारी, बिरकोना एवं अन्य गांवो के 50 युवाओं, महिला एवं पुरूषों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. येमन देवांगन, द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को औषधीय एवं संगंध फसलों की वैज्ञानिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, जैसे लेमनग्रास, सिट्रोनेला, पामारोजा, गिलोय, पुदीना, ब्राम्ही, अश्वगंधा, सर्पगंधा, नीम, तुलसी, अदरक, हल्दी, खस, बच की उन्नत खेती की तकनीक, औषधीय महत्व, विभिन्न तैयार होने वाले उत्पादों, बाजार की उपलब्धता एवं मूल्य संवंर्धित सामाग्री जैसे इत्र, साबुन, अगरबत्ती बनाने का जीवंत प्रदर्शन कर दिखाया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषिरत् कृषकों, महिलाओं एवं युवाओं की आय में वृद्धि करना है। तत्पश्चात वैज्ञानिक डॉ. एलिस तिर्की, ने विभिन्न सुगंध फसलों जैसे निम्बूघास, सिट्रोलेना, पामारोसा, तुलसी,पान, पुदीना, केवड़ा इत्यादि एवं औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, काली हल्दी, सर्पगंधा, बच, मण्डूकपर्णी, केंवाच, चरौटा, कालमेघ इत्यादि पौधों की उन्नत किस्मों के गुण,पहचान एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।




**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202603092200019**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
बरनारा कला प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार हीरालाल नेताम.
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल नेताम आ. बरातु नेताम जाति गोंड सा. बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र हंशु नेताम पिता हीरालाल का जन्म दिनांक 10/04/2011 को बरनाराकला में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202603092200018**

मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
विषयः- ब-121
बरनारा कला प.ह.न. 00027 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार हीरालाल नेताम,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हीरालाल नेताम आ. बरातु नेताम जाति गोंड सा. बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री डिगेश्वरी नेताम पिता हीरालाल का जन्म दिनांक 05/04/2008 को बरनाराकला में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06/04/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/03/2026 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार डोंगरगढ़

nandgaon times march-21-2.qxd 3/20/2026 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) एशिया का सबसे बड़ा ग्रास लैण्ड कौन-सा है?*

*2) बाल गंगाधर तिलक को लोकमान्य की उपाधि कब मिली?*

*3) आसमान में सबसे बड़ा नक्षत्र कौन सा है?*

*4) अप्रैल 2025 में रक्षा साहित्य महोत्सव कलम एंड कवच 2.0 का आयोजन कहाँ हुआ?*

*5) हाल ही में, पैलास की बिल्ली को भारत के किस राज्य में देखा गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बन्नी ग्रास लैण्ड (2) होमरूल आन्दोलन के दौरान (3) हाइड्रा (4) नई दिल्ली (5) हिमाचल प्रदेश

# बुचीभरदा में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई

### माता कर्मा सिर्फसाहू ही नहीं अन्य समाज के लिए के प्रेरणास्पद है - जितेन्द्र मुदलियार, समाजिक प्रगति के लिए एकता के सूत्र में बंध कर रहें- चंद्रशेखर साहू

राजनादगांव (नांदगांव टाइम्स)। परिक्षेत्रीय साहू समाज मोखला के अंतर्गत ग्राम बुचीभरदा ( सुरगी)में ग्रामीण स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई। ग्राम में शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह ग्रामीण साहू समाज द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज की नारी शक्ति एवं बेटियां कलश सजा कर ग्राम भ्रमण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू समाज सेवी राजनांदगांव, अध्यक्षता चंद्रशेखर साहू अध्यक्ष, तहसील साहू संघ राजनांदगांव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जितेंद्र मुदलियार, अध्यक्ष,शहर कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव, ढाल सिंह साहू थाना प्रभारी सुरगी, ओम प्रकाश साहू अंकुर संयोजक साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, लखन लाल साहू लहर, सचिव, साहित्य प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव, राजेश साहू पदाधिकारी मुड़पार परिक्षेत्र,राहुल साहू परिक्षेत्रीय अध्यक्ष,मोखला, साधना साहू सरपंच आरला, छकन साहू अशोक कुमार साहू कुसमी, भूपेश साहू परिक्षेत्रीय सचिव, भक्तू राम साहू, शत्रुघ्न साहू, उत्तम साहू की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू ने एक सफल आयोजन हेतु ग्रामीण साहू संघ को बधाई दी एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर जितेन्द्र मुदलियार ने कहा कि माता कर्मा ने तत्कालीन समय में चल रहे छुआछूत के विरुद्ध लड़ाई लड़ी और सभी वर्ग के लोगों के लिए




### शोभायात्रा के बाद जसगीत झांकी,कविता पाठ ने लोगों को आनंदित कर दिया

मंदिर प्रवेश का द्वार खुलवाने में एक भागीरथ प्रयास किया। उन्होंने शोषण, अत्याचार के विरुद्ध जन जागृति फैला कर लोगों को संगठित किया। माता कर्मा सिर्फ तेली समाज ही नहीं अपितु सभी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। मुदलियार ने कहा कि साहू समाज विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कार्य कर अन्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रशेखर साहू, ओमप्रकाश साहू अंकुर, भूपेश साहू ने संतमाता कर्मा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये हुए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सामाजिक नियमावली का पालन करने एवं सामाजिक एकता पर बल दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हास्य -व्यंग के सशक्त हस्ताक्षर कवि लखन लाल साहू लहर मोखला ने अपनी विशिष्ट शैली में कविता प्रस्तुत कर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। बोदेला की जसगीत झांकी की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रहा।इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. चेतन साहू, चंद्रशेखर साहू , जितेन्द्र मुदलियार , ढाल सिंह साहू एवं अन्य अतिथियों ने समाज के प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कलश सजाओ स्पर्धा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भूपेश कुमार साहू ने सचिव, परिक्षेत्रीय साहू समाज मोखला ने किया। इस अवसर पर रुस्तम साहू ग्रामीण अध्यक्ष टीकाराम साहू ग्रामीण सचिव जनेश्वर साहू संतोष साहू मुकेश साहू थलेश्वरी साहू, कुसुम लता साहू, प्रमुख पंचम साहू ,गणपत साहू,हेमलाल साहू ,अखिलेश साहू ,महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश के नेतृत्वकर्ताओं के आदेशानुसार हमारे कुमरदा मण्डल में भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय आवासीय प्रशिक्षण का कार्यशाला बैठक दिनांक 16 मार्च 2026 को सांकरदहरा (देवरी) में रखा गया इस कार्यशाला बैठक में खूब चंद पारख, जिला अध्यक्ष कमल राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, अशोक चैधरी, दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, डिकेश साहू महामंत्री जिला भाजपा, जगजीत सिंह भाटिया उपाध्यक्ष जिला भाजपा,मनीष त्रिपाठी, मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे, साथ में कुमरदा मण्डल के 'हिरेंद्र साहू पी एम धन धान्य प्रदेश संयोजक, कैलाश शर्मा प्रदेश प्रवक्ता किसान मोर्चा, गोपाल भुआर्य जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति, बोधन साहू जिला मंत्री भाजपा,अनिरुद्ध चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, सुंदर साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष,गोपाल साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, हृदय राम देवांगन मंडल अध्यक्ष कुमरदा, पतिराम महामंत्री, कोमल सिन्हा महामंत्री, दीनदयाल साहू अध्यक्ष सरपंच संघ, कपिल बघेल, गोविंद साहू,आत्माराम चंद्रवंशी, ठाकुर राम यादव, मनीष साहू, भूपेंद्र नायक, ईश्वर निर्मलकर,चंदू पटेल, डोमन साहू, चोवा साहू, द्वारिका साहू, प्रशांत मंडल, ताम्रज साहू, भुवन साहू, लक्ष्मण साहू, भुनेश्वर साहू, जग्गू राम देवांगन, पवन खरे सरपंच रतन भांट .श्रीमती रजवांतिन यादव, भारती देवांगन, चित्ररेखा साहू,महाबती नेताम, भागवती निषाद, लिलेश देवांगन, मनोहर साहू राम राज , ज्ञान साहू, दिग्विजय साहू, योगेंद्र राजपूत, रुपेश साहू।



## आज से दो दिवसीय चांदो मे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन ,

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे गायत्री आश्रम चांदो मे नवरात्री के पावन पर्व पर 21 और 22 मार्च को दो दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है।प्रथम दिवस कलश यात्रा तथा वेदी पूजन के साथ यज्ञ प्रारम्भ होगा तथा द्वितीय दिवस प्रातः 8:00 बजे से यज्ञ, विभिन्न संस्कार पूर्णाहुति सम्पन्न होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं ग्रामवासियों ने श्रेत्रवासियों से यज्ञ मे अधिक से अधिक लोगो को सम्मिलित होकर लाभ लेने की अपील किया है।

## निधन



**उमाशंकर साहू**

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खुज्जी के समीपस्थ ग्राम बड़भूम निवासी उमाशंकर साहू का निधन गुरुवार 19 मार्च को हो गया है। उनके एक पुत्र और एक पुत्री है अंतिम यात्रा में ग्रामीण जन, परिवार वाले, मोहल्लेवासी और सामाजिक बंधु शामिल हुए थे उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बड़हुम के मुक्ति धाम में किया गया।

# शिक्षक गुनाराम के मार्गदर्शन में इस वर्ष 126 बच्चे नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला केसीजी के शिक्षक गुनाराम चंदेल द्वारा संचालित लक्ष्य निःशुल्क ऑनलाइन क्लास के माध्यम से इस वर्ष 2026 में 126 बच्चों का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। यह पहल लगातार बच्चों और पालकों के सपनों को साकार कर रही है। विशेष बात यह है कि इस प्रयास से सर्व समाज के बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व माध्यमिक शाला गुमानपुर (मुढ़ीपार), जिला खैरागढ़ में पदस्थ शिक्षक चंदेल वर्ष 2013 से सीमित संसाधनों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कोविड-19 काल (अगस्त 2020) में उन्होंने इस पहल को ऑनलाइन स्वरूप दिया, जिससे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के बच्चे भी जुड़कर लाभ ले रहे हैं। लगातार बढ़ती सफलता के आंकड़े

2013 से कोविड काल तक: 17 बच्चे चयनित

2021: 46
2022: 56
2023: 77
2024: 90
2025: 118
2026: 126

इस प्रकार अब तक कुल 530 बच्चे नवोदय विद्यालय में चयनित हो चुके हैं। इसके अलावा प्रतिवर्ष सैनिक स्कूल, प्रयास एवं केंद्रीय विद्यालय के लिए भी विद्यार्थी चयनित हो रहे हैं। इस वर्ष छत्तीसगढ़ के 13 जिले व म प्र.के दो जिला बालाघाट व बैतूल के बच्चों ने सफलता प्राप्त की है।

**स्व-संसाधन से शुरू हुई पहल**

कोविड काल में गुनाराम चंदेल ने लगभग ?80,000 की राशि स्वयं खर्च कर लैपटॉप, प्रिंटर एवं अन्य संसाधनों की व्यवस्था की और निःशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं प्रारंभ कीं। वे प्रतिदिन 4 घंटे अतिरिक्त समय देकर सुबह 5ङ्क7 बजे एवं शाम 6ङ्क8 बजे तक बच्चों को पढ़ाते हैं तथा पीपीटी, पीडीएफ, गूगल फॉर्म के माध्यम से नियमित मूल्यांकन करते हैं।

**मॉक टेस्ट से व्यापक लाभ**

लक्ष्य छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में राज्य के 18 केंद्रों में नवोदय मॉक टेस्ट आयोजित किए गए, जिनसे लगभग 1500 बच्चे लाभान्वित हुए। वर्ष 2026 में 340 बच्चे ऑनलाइन क्लास से नियमित रूप से जुड़े रहे।

**सम्मान और पहचान**

गुनाराम चंदेल को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कई सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें आदर्श शिक्षा रत्न, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, शिक्षा दूत सम्मान, अक्षय अलंकरण तथा नवोदय क्रांति नेशनल अवार्ड प्रमुख हैं। वे अपनी मासिक आय का लगभग 10त्न हिस्सा इस निःशुल्क शिक्षण कार्य में व्यय करते हैं। उनकी पूर्व पदस्थ शासकीय प्राथमिक शाला सूरजपुरा (कबीरधाम) भी मॉडल स्कूल के रूप में पहचान बना चुकी है।

**सामाजिक सहयोग और सराहना**

इस उपलब्धि पर लक्ष्य संगठन के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाज के सदस्यों एवं पालकों ने गुनाराम चंदेल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गुनाराम चंदेल की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरी है, जो सीमित संसाधनों में भी समर्पण और नवाचार के माध्यम से बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बना रही है।

## कोकपुर,आसरा सहित श्रेत्र के ग्रामीणजन 25 को बहमनीभाटा मोड़ पर चक्काजाम करेंगे,

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कोकपुर,आसरा, तिलईरवार, तेंदुनाला, जरहामहका, बहमनीभाटा, सहित दस गांव के ग्रामीणजन



25 मार्च को पूरे श्रेत्र में त्यौहार मानकर काम बंद कर मुख्यमार्ग पर चक्काजाम करेंगे, ग्राम पंचायत आसरा सरपंच शरद कुमार वैष्णव एवं श्रेत्र के ग्रामीणों ने बताया है कि ग्रामीण स्तर के मुख्य मार्ग डामरीकरण सड़क लंबे समय से जजर्र हालत में पूरी तरह खराब हो चुकी है सड़क में जगह जगह गढ्ढे हो गए है इस क्षेत्र में आनेजाने वाले राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है इस मार्ग की जर्जर सड़क के बारे में पी डब्लू डी विभाग और क्षेत्रीय विधायक को ग्रामीणों के द्वारा लिखित आवेदन कई बार दे चुके है, ग्रामीणों को विभागीय जवाब अब तक एक भी नहीं दिया गया है कुछ दिनों पहले विभाग ने टेंडर प्रक्रिया की झूठी बात करके श्रेत्र के ग्रामीणों को रवाना कर दिया था, इस मार्ग में प्रतिदिन स्कूली बच्चों से लेकर सैकड़ों लोगों का आवाजाही लगा रहता है, विभाग के अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के चलते कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है जिससे इस मुख्यमार्ग की सड़क में आए दिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं भी होती रहती है विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते श्रेत्र के ग्रामीण जन त्रस्त परेशान होकर पूरे दस गांव के ग्रामीण जन चक्काजाम करने हेतु जिलाधीश जितेन्द्र यादव को श्रेत्र के ग्रामीण हस्ताकर युक्त ज्ञापन सौंपा गया है, डोंगरगांव से छूरिया मार्ग ग्राम बहमनीभाटामोड़ के पास 25 मार्च को बुधवार पूरे श्रेत्रवासी चक्काजाम करेंगे।

# मीना बाजार का शुभारंभ, अध्यक्ष रमन की अपील जूट व कपड़े के थैलों का ही करें उपयोग

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** चैत्र नवरात्र पर्व की एकम पर गुरुवार रात मेला ग्राउंड में मीना बाजार का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा सहित पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के बाद जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न झूलों का आनंद भी लिया।

मीना बाजार में इस बार सुनामी झूला विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। मीना बाजार के मैनेजर राहुल मिश्रा ने बताया कि यह झूला दुर्ग संभाग में पहली बार लगाया गया है, जो झूला प्रेमियों के लिए रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा। इसके अलावा मौत का कुआं, टोरा-टोरा, मोर झूला, आकाश झूला, टॉय ट्रेन और ब्रेक डांस जैसे कई मनोरंजक झूले भी लगाए गए हैं। साथ ही पानी में जलपरी की आकर्षक कलाबाजी भी दर्शकों को लुभाएगी। मेला परिसर में आश्रय स्थल के सामने क्राफ्ट बाजार भी सजकर तैयार है, जहां विभिन्न प्रकार के घरेलू एवं सजावटी सामान खरीदारी के लिए उपलब्ध हैं। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने बताया कि मीना बाजार में झूलों के साथ-साथ खान-पान के स्टॉल, मनियारी और अन्य उपयोगी वस्तुओं की दुकानें भी लगाई गई हैं, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मनोरंजन और खरीदारी का नया अनुभव मिलेगा। उन्होंने नागरिकों और श्रद्धालुओं से जूट एवं कपड़े के थैलों का उपयोग करने की अपील की। नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। दुकानों में पॉलीथिन मिलने पर तत्काल जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी. मेला परिसर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए रोजाना सुबह 5 बजे से नियमित साफ-सफाई कराई जा रही है, जिसके लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है। मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु नगर पालिका की पूरी टीम सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।



## धर्म समाचार....

# सिर्फ मंदिर ही नहीं, नवरात्र में इन जगहों पर भी जलाएं दीया, बरसेगी माता रानी की असीम कृपा




चैत्र नवरात्र का पावन पर्व शक्ति की उपासना के लिए बहुत शुभ माना जाता है। यह दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को समर्पित है। इस दौरान साधक व्रत, पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही देवी के सामने अखंड ज्योति जलाते हैं। वहीं, शास्त्रों में भी दीपदान का विशेष महत्व बताया गया है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि नवरात्र के दौरान घर के कुछ विशेष स्थानों पर दीपक जलाने से माता रानी का आशीर्वाद कई गुना बढ़कर मिलता है, तो चलिए उन खास जगहों के बारे में जानते हैं, जो इस प्रकार हैं -

**मुख्य द्वार पर**

हिंदू धर्म में घर के मुख्य द्वार को शुभता का प्रवेश द्वार माना जाता है। ऐसे में नवरात्र में शाम को सूर्यास्त के बाद मुख्य द्वार के दाईं ओर घी या तेल का दीपक जरूर जलाएं। मान्यता है कि इससे घर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और माता रानी की विशेष कृपा मिलती है।

**तुलसी के पौधे के पास**

देवी तुलसी को साक्षात माता लक्ष्मी का रूप माना गया है। ऐसे में नवरात्र के दौरान रोजाना शाम को तुलसी के पास एक घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से घर का वास्तु दोष दूर होता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

**रसोई में**

रसोई घर का वह स्थान है जहां मां अन्नपूर्णा का वास होता है। ऐसे में नवरात्र के दौरान रात के समय रसोई में एक दीपक जलाएं। ऐसा करने से घर में कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

**धन रखने के स्थान पर**

धन से जुड़ी मुश्किलों को दूर करने के लिए अपनी तिजोरी या अलमारी के पास दीपक जलाएं। ऐसा करने से माता लक्ष्मी और देवी दुर्गा की एक साथ कृपा मिलती है।

**आंगन**

अगर आपके घर में आंगन है, तो नवरात्र के नौ दिनों तक वहां दीपक जलाएं। वास्तु के अनुसार, घर के बीचों-बीच दीपक जलाने से घर में शांति बनी रहती है और मानसिक तनाव कम होता है।

## चरण स्पर्श पर रोक, ड्रेस कोड जरूरी... नवरात्रि पर मां विंध्यावासिनी धाम में दर्शन का तरीका

नवरात्रि शुरू होने वाली है. इस दौरान मिर्जापुर के मां विंध्यवासिनी धाम में बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ती है. सभी के सुचारू दर्शन के लिए इस बार भी कई बदलाव किए गए हैं. लोकल 18 से श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पं. पंकज द्विवेदी बताते हैं कि मां के धाम में हर बार की तरह इस बार भी चरण स्पर्श दर्शन पर पूरी तरह से रोक रहेगी. भक्तों की सहूलियत के लिए 600 पंडा समाज के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है. सभी सदस्यों को कहा गया है कि पंडा समाज का पहचानपत्र और वेशभूषा के साथ ही मंदिर में प्रवेश करें.



नवरात्रि में इस बार मां विंध्यवासिनी धाम में लाखों की संख्या में भक्तों के आने का अनुमान है. इतनी संख्या में भक्तों के आगमन को देखते हुए मां विंध्यवासिनी धाम में चरण स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है. 20 घंटे तक श्रद्धालु दर्शन और पूजन कर सकेंगे. चार पहर के आरती के वक्त ही मां का कपाट भक्तों के लिए बंद किया जाएगा. मंदिर में पंडा समाज के सदस्यों की ड्यूटी लगाई गई है ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो. श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पं. पंकज द्विवेदी ने लोकल 18 से बताया कि बुधवार की रात्रि से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है. नवरात्रि शुरू होने के बाद मां का धाम 24 घंटे खुला रहेगा. सिर्फ चार पहर की आरती के समय एक-एक घंटे के लिए मां का दरबार बंद किया जाएगा. आम भक्तों को परेशानी न हो, इसके लिए विंध्य पंडा समाज और प्रशासन दोनों मौजूद रहेंगे. हर जगह प्रशासन और पंडा समाज की ओर से प्याऊ की व्यवस्था की गई है.

nandgaon times march-21-2.qxd 3/20/2026 11:57 PM Page 4



# ईद-उल-फितर भाईचारे और सोहार्द का पैगाम : हाजी रईस अहमद शकील

## ईद–उल–फितर भाईचारे और सोहार्द का पैगाम : हाजी रईस अहमद शकील, आज मनाई जायेगी ईदुल फितर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जामा मस्जिद के सदर व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि देशभर में शुक्रवार को चांद की पुष्टि.तस्दीक आधिकारिक घोषणा होने के बाद राजनांदगांव छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश भर में आज ईद मनाई जायेगी। 30 मुक्कमल रोज़े के साथ माह रमजान के मुकद्दस महीने का सफर खत्म हो चला है। ईद का दिन अल्लाह की नेमतों का शुक्र अदा करने और भाईचारे को मजबूत करने का होता है। रईस अहमद ने कहा रमजान सिर्फ रोजा रखने का ही नाम नहीं है, बल्कि रूह की पाकीजगी, सब्र का इम्तेहान और खिदमते खल्क का महीना है। यह महीना हमें अपने रब से जुड़ने, दिल को साफ करने और समाज के कमजोर तबकों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का पैगाम देता है। रमजान शरीफका असल पैगाम सब्र है। दिनभर की भूख–प्यास इंसान को यह एहसास दिलाती है कि समाज में कितने लोग ऐसे हैं, जो रोजाना इसी हालात से गुजरते हैं, जब मुसलमान तीस दिन के रोजों में खुद भूखा रहता है, तो उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों का दर्द समझ में आता है। ये एहसास ही उसे दूसरों की मदद के लिए हौसला अफ्जाई करता है। इस महीने में जकात, सदका और फित्तरा (दान) देने की खास हिदायत है, ताकि समाज में माली तवाजुन बना रहे और कोई भी शख्स भूखा न सोये। रमजान रहमत और बरकत का महीना है, इस महीने में की गई इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। हाजी रईस अहमद ने कहा कि रमजान एक ऐसा बा–बरकत महीना हैं, जिसका इंतेजार साल के ग्यारह महीने हर मुसलमान को रहता है। रोजा इंसान के जिस्म का जकात होता हैं, रोजदार इंसान के पूरे शरीर का रोजा होता है, जिसका मकसद ये भी है कि इंसान बुराई से जुड़ा कोई भी काम ना करें, कुल मिलाकर रमजान का मकसद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है, इसका मकसद एक–दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है। रमजान का मकसद सिर्फ यही नहीं होता कि एक मुसलमान सिर्फ किसी मुसलमान से ही अपने अच्छे अखलाक रखे, बल्कि मुसलमान पर ये भी फर्ज है कि वो किसी और भी मजहब के मानने वालों से भी मोहब्बत, प्रेम, इज्जत, सम्मान, अच्छा अखलाक रखे, ताकि दुनिया के हर इंसान का एक–दूसरे से भाईचारा बना रहे। इस महीने खास कर गरीब मजलूम का ख्याल रखा जाता है। ईद–उल–फित्तर सामूहिक भाईचारे और एकता का प्रतीक है। ईद मूल रूप से भाईचारे को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। इस त्योहार को सभी आपस में मिल के मनाते है, और खुदा से सुख–शांति और घरों में बरकत के लिए दुआएं मांगते हैं। मुस्लिम समाज जामा मस्जिद के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफ्जल अली ने कहा की शहरे मुत्तवलियांन ने मिलकर ईदुल–फित्तर 2026 के लिए मठपारा स्थित ईदगाह में जरुरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिचर की सुबह 8.30 बजे विशेष नमाज ईदुल फित्तर की अदा की जाएगी। सैय्यद अफ्जल अली ने बताया कि अतराफ (एरिये) के सभी मस्जिदों में पूरे महीने ईबादतों के साथ रौनक रही और मुल्क में अमन चैन की दुआ की गई, सभी मस्जिदों दरगाह कब्रस्तान कमेटी के सदर (अध्यक्ष) ने मुबारकबाद पेश की, जिसमें मुख्य रुप से हाजी हाफिज मोहम्मद हन्नफी मस्जिद गोलबाजार, हाजी अब्दुल रज्जाक बड़गुजर अल अजीज मस्जिद इंदामरा, सैय्यद अली अहमद गुड्डू मोती मस्जिद तुलसीपुर, हाजी अब्दुल वफीद यासिनी गौरी नगर, हाजी मो. वफीद शाहे मदीना मस्जिद शांति नगर, सैय्यद असगर अली हासमी कन्हारपुरी मस्जिद, इरफान शेख प्रभारी सदर जलालबाग दरगाह व मदरसा, जलालुदीन निर्वाण– हाजी तनवीर अहमद प्रभारी सदर कब्रस्तान कमेटी मठपारा, सैय्यद अकरम अली सदर दरगाह सैय्यद अटल शाह वली सभी कमेटी के ओहदेदारों मेंबरान ने ईद पर मुबारकबाद पेश की।

### मानवता की मिसाल : थाना डोंगरगाँव पुलिस ने अज्ञात मृतक का कराया सम्मानपूर्वक कफन-दफन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डायल 112 वाहन द्वारा इवेंन्ट मिलनें पर एक अज्ञात पुरुष को ग्राम अर्जुनी से गंभीर बीमार अवस्था में उपचार हेतु शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगाँव में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु 11 मार्च को हो गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा उक्त घटना की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई, जिस पर पुलिस चौकी द्वारा वारिसान के आने का इंतजार किया गया कोई भी परिजन एवं वारिसान नही आने से थाना डोंगरगांव पुलिस ने कफन दफन कराने हेतु सुचना प्राप्त होनें से आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। इनका विधिवत फोटोग्राफ एवं विडियोग्राफी कराया गया। थाना डोंगरगाँव पुलिस द्वारा मृतक की पहचान स्थापित करने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों एवं सरहदी जिलो में मृतक का फोटोग्राफ भेज कर एवं कोटवार ग्रुप एवं विभिन्न सोशल मिडिया ग्रुप में फोटो पहचान हेतु सूचना प्रेषित की गई तथा गुम इंसान संबंधी अभिलेखों से मिलान किया गया। साथ ही मृतक के हुलिए के आधार पर स्थानीय स्तर पर भी पहचान कराने का प्रयास किया गया, किन्तु निर्धारित समयावधि तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी और न ही कोई परिजन अथवा दावेदार सामने आया। ऐसी स्थिति में पुलिस द्वारा विधिसम्मत आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए अज्ञात मृतक के शव का सम्मान पूर्वक कफन-दफन चिखली राजनांदगांव स्थित मुक्तिधाम में कराया गया, ताकि मृतक को मानवीय गरिमा के साथ अंतिम संस्कार दिया जा सके।

# गढ़चिरौली में 11 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

## डीवीसीएम., 1 क्षेत्र समिति सचिव, 1 पीपीसीएम., 1 कमांडर, 1 एसीएम और 6 अन्य सहित कुल 11 माओवादियों का हुआ आत्मसमर्पण




**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** गढ़चिरौली पुलिस के समक्ष 19 मार्च 2026 को 11 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के खिलाफ लाखों रूपए का इनाम घोषित था। गढ़चिरौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोनी उर्फ बाली, बुदरी उर्फ रामवती, शांति उर्फ सोमारी गंगा तेलामी, यमुनक्का उर्फ रुखमक्का पोट्टी पेंडम, धनु दासरू समयान्जे, सुनीता उर्फ वांगे और होयम और किशोर सुकरैया वासम ने गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उल्लेखनीय है कि 15 अक्टूबर 2025 को 54 आग्नेयास्त्रों के साथ पोलित ब्यूरो के सदस्यों, केंद्रीय समिति के सदस्यों, प्रवक्ता-सीपीआई माओवादी और सचिव-केंद्रीय क्षेत्रीय ब्यूरो मल्लोजुला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति उर्फ सोनू सहित कुल 61 माओवादी मारे गए थे। माओवादी आंदोलन जो कभी गढ़चिरौली जिले के 10 उप-मंडलों में सक्रिय था अब केवल भामरगढ़ उप-मंडल के दायरे तक ही सीमित है। इसके अलावा 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण वरिष्ठ माओवादियों सहित कई जंगल माओवादियों ने हिंसा के जीवन से तंग आकर आज तक पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। गढ़चिरौली पुलिस के सामने अब तक कुल 794 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। राज्य सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों के पति और पत्नी को 1.5 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। गढ़चिरौली पुलिस बल द्वारा किए गए प्रभावी माओवादी विरोधी अभियानों और सरकार द्वारा माओवादियों को आत्मसमर्पण करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करने के कारण, 2022 से अब तक कुल 157 जहाल माओवादियों ने गरिमापूर्ण जीवन जीने के लि? आत्मसमर्पण करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करने के कारण, 2022 से अब तक कुल 157 जहाल माओवादियों ने गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए आत्मसमर्पण किया है, जिनमें से 2025 से अब तक कुल 123 जहाल माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) संदीप पाटिल ने शेष माओवादियों से अपील की है कि वे हिंसा छोड़ दें और अपने हथियार डाल दें और गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए लोकतंत्र की मुख्यधारा में शामिल होकर शांति का मार्ग अपनाएं। आज आत्मसमर्पण के दौरान विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) पुलिस महानिरीक्षक, गढ़चिरौली रेंज, संदीप पाटिल, अंकित गोयल, उप महानिरीक्षक (संचालन) सीआरपीएफ, एस. अजय कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक, गढ़चिरौली नीलोतपाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (संचालन) एम. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) R.S. सहायक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्री विशाल नागरगोजे उपस्थित थे।






### छातिम के वृक्ष से राजधानी में फैल रहा अस्थमा रोग

**रायपुर।** राजधानी के दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील कुमार सोनी ने छातिम वृक्ष से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव का मामला उठाया, उन्होने कहा कि राजधानी में लगे छातिम के वृक्षों पर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि वन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम बनाकर रिपोर्ट ली जाएगी उसके पश्चात कार्यवाही करेंगे। विधानसभा में आज सुनील सोनी ने कहा कि छातिम वृक्ष के स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव देखते हुए उसके रोपण पर प्रतिबंध लगाया गया है। छत्तीसगढ़ तथा राजधानी में भी बड़ी संख्या में यह वृक्ष लगाए गए, जिससे लोगों में अस्थमा सहित अन्य बीमारियां फैल रही है। इसलिए इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीपल तथा नीम का झाड़ ज्यादा से ज्यादा लगाना चाहिए। पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पीपल फॉर पीपल का अभियान हमने चलाया है।












प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com